डिफेंस मॉनिटर

वर्ष-2, अंक-6

एमकेयू ने खोला तकनीकी रिसर्च सेंटर

mku™ gain the edge...

बैलेस्टिक (विस्फोटक) सुरक्षा आवरण तैयार करने वाली निजी कंपनी एमकेयू ने गत 16 नवंबर को कानपुर में एक तकनीकी रिसर्च सेंटर खोला। इस सेंटर में नए, अभिनव और बहुमुंखी बैलेस्टिक प्रोटेक्शन प्रणालियों का अनुसंधान व विकास किया जाएगा। एमकेयू कंपनी विश्व की उन अग्रणी कंपनियों में से है जो सुरक्षा आवरण बनाने के का काम कर रही हैं। यह कंपनी पिछले 25 वर्षों से विश्व के कई देशों की सेनाओं के लिए काम कर रही है। सैनिकों व सैन्य साजो-सामान के लिए सुरक्षा आवरण उपलब्ध कराने वाली इस कंपनी ने विश्व के करीब 15 लाख सैनिकों को सुरक्षा कवच उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा 1500 से ज्यादा सैन्य वाहनों, विमानों और जहाजों जैसे प्लेटफार्मों के लिए सुरक्षा आवरणों का डिजाइन तैयार किया और उपलब्ध कराया है।

कंपनी का मुख्यालय भारत में है और कारखाने भारत के अलावा जर्मनी में भी हैं। ग्राहकों को स्थानीय स्तर पर सर्विस और सपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए एमकेयू चैनल साझीदारों के कार्यालयों का विश्व भर में एक व्यापक नेटवर्क है।

कंपनी की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि एमकेयू अपने कुल सालाना कारोबार का साढ़े चार फीसदी अनुसंधान व विकास कार्य पर खर्च करती है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से एमकेयू सैनिकों को सुरक्षा के कारगर समाधान उपलब्ध कराती है ताकि संकट या आपात परिस्थितियों में भी सैनिक सुरक्षित रहें।